प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
19.05 गुरूवार दिनांक 22.08.2024

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के डॉक्टर हर्ष वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया।

- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल शाम रायपुर पहुंचेंगे— चौबीस और पच्चीस अगस्त को राजधानी में सुरक्षा और विकास संबंधी बैठकें लेंगे।

- कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने निरस्त कर दिया है।

- पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में कल मनाया जाएगा।

राष्ट्रपति—विज्ञान पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में वैज्ञानिकों को वर्ष दो हजार चौबीस के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया। इसमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित केंद्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर हर्ष वर्मा को खनन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए भू—विज्ञान

पुरस्कार दो हजार तेईस से सम्मानित किया गया। डॉक्टर वर्मा ने केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, बिलासपुर में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक के रूप में कार्य करते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजना में योगदान दिया है। इसके अलावा उन्होंने भूमिगत कोयला खदानों के लिए एक नवीन स्थाई तकनीक भी विकसित की है।

राष्ट्रपति–बच्चे मुलाकात

सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिले की पांच छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पढ़ाई के साथ–साथ खेल, संगीत तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन छात्राओं का चयन किया गया था, जिसमें सरगुजा की छात्रा ज्योति, जशपुर से रिया और रजनी चौहान, सूरजपुर से नंदिनी किंडो और बलरामपुर से प्रशंसा शामिल थी। आज दिल्ली से रायपुर लौटी छात्राओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात और अपनी पहली विमान यात्रा के अनुभवों को साझा किया।

अमित शाह–छत्तीसगढ़

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल तेईस से पच्चीस अगस्त तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। श्री शाह कल रात दस बजे रायपुर पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री चौबीस अगस्त को चंपारण स्थित वल्लभाचार्य आश्रम का दौरा करेंगे। इसके बाद वे रायपुर में छत्तीसगढ़

और पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। इसी दिन श्री शाह छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास संबंधी बैठक भी लेंगे।

अपने प्रवास के अगले दिन पच्चीस अगस्त को केन्द्रीय गृह मंत्री रायपुर स्थित एन.सी.बी. ऑफिस का उद्घाटन करेंगे तथा समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे छत्तीसगढ़ में सहकारिता के विस्तार से संबंधित एक अन्य बैठक में भी शामिल होंगे।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में केन्द्रीय गृहमंत्री के समक्ष रखे जाने वाले सभी विषयों के बारे में उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा की।

<u>महापौर—जाति प्रमाण पत्र निरस्त</u>

कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने निरस्त कर दिया है। छह दिसंबर दो हजार उन्नीस को अनुविभागीय अधिकारी कोरबा ने राजकिशोर प्रसाद को अन्य पिछड़ा वर्ग का स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया था। प्रकरण में समिति ने कई पहलुओं की जांच के बाद उनके जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया है।

गौरतलब है कि दो हजार उन्नीस में हुए नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा पार्षदों की संख्या कांग्रेस पार्षदों के मुकाबले ज्यादा थी। इसके बावजूद

महापौर पद के लिए निर्वाचन के समय क्रास वोटिंग के चलते कांग्रेस के पार्षद राज किशोर प्रसाद महापौर निर्वाचित हो गए थे। चुनाव में मिली शिकस्त के बाद महापौर पद की प्रत्याशी रितु चौरसिया ने जिला न्यायाधीश के समक्ष वाद दायर करते हुए महापौर राजकिशोर के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी थी, जिसके बाद कोर्ट ने हाई पावर कमेटी को जांच के निर्देश दिए थे।

<u>आकाशवाणी रायपुर–शाम सिंदूरी</u>

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा कल चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में स्वंतत्रता का उत्सव 'शाम सिंदूरी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित प्रभाकर कश्यप और पंडित दिवाकर कश्यप ने खयाल गायन की प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के संपादित अंश आप सत्ताईस अगस्त को रात दस बजे से आकाशवाणी रायपुर के प्राईमरी और एफ.एम. चैनल पर सुन सकेंगे।

<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>

धमतरी जिले में आज पांच लाख रूपए के इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। यह माओवादी एसीएम सीतानदी एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर के रूप में सक्रिय था। इस माओवादी पर सुरक्षा बलों पर हमला करने और हत्या समेत छह अपराध दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि इस माओवादी ने राज्य सरकार की पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण

किया है। उन्होंने बताया कि माओवादी ने स्वनिर्मित सुरका रायफल के साथ सरेंडर किया है। आत्मसमर्पण करने वाले इस माओवादी को शासन की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत् पच्चीस हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में कल तेईस अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा चंद्रयान–तीन मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी स्कूलों में आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, कल तेईस अगस्त को भी अनेक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर व्याख्यान, पोस्टर, निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज और पेटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित तीस मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

कांग्रेस–प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने रायपुर में स्थित ईडी कार्यालय के बाहर आज धरना–प्रदर्शन किया। इस धरना–प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और अन्य कांग्रेस के नेता शामिल थे। यह प्रदर्शन हिडनबर्ग की रिपोर्ट पर जेपीसी के गठन की मांग को लेकर किया गया।

अधिकारी–कर्मचारी–पदस्थापना

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने एक सौ छियासठ अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में चार अलग–अलग आदेश जारी किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन और सहायक अभियंता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व विभाग के सहायक और उप निरीक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड–दो, कैशियर, सफाई दरोगा, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट और सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

बैगानी भाषा सम्मेलन

रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में कल से दो दिवसीय बैगानी भाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। तेईस और चौबीस अगस्त को होने वाले इस सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली के साहित्य अकादमी और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मिलकर करेंगे। सम्मेलन में बैगानी भाषा, संस्कृत, साहित्य, कला, लोक साहित्य, जीवनशैली और कविता पाठ पर चर्चा होगी। इसमें मध्यप्रदेश के डिंडौरी, छत्तीसगढ़ के कबीरधाम से बैगा जनजाति समुदाय के लोग शामिल होंगे।

विश्वकर्मा योजना—कार्यशाला

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए रायपुर के सड्डू स्थित आईटीआई में कल तेईस अगस्त को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। केन्द्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के तहत कार्य करने वाली राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति और छत्तीसगढ़ स्टेट बैंकर्स समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में कल सुबह ग्यारह बजे से सड्डू स्थित आईटीआई में इस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना के लाभ और ऋण सुविधाओं के बारे में जागरूक करना है।

मौसम

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के उत्तरी भाग के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने की भी संभावना जताई है। राजधानी रायपुर सहित राज्य के कुछ स्थानों में आज तेज बारिश हुई।

वहीं, सुकमा जिले के विभिन्न गांवों में धान के पत्तों में पत्तीमोड़क कीट का प्रकोप दिखाई दिया है। कृषि वैज्ञानिकों ने इन गांवों का दौरा करने के बाद किसानों को इसके नियंत्रण और उपचार अपनाने की सलाह दी है।

संक्षिप्त समाचार

- श्री रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग और बस्तर संभाग के आठ सौ बाईस श्रद्धालुओं का जत्था दुर्ग स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

सांसद विजय बघेल ने तीर्थ यात्रियों की ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- रायपुर स्थित प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी में आज नया भारत उत्सव के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में तीन दिवसीय 'रंग परब' नाट्य श्रृंखला अब से कुछ देर बाद शुरू होगी। आज पहले दिन 'गोदना' नामक नाटक में देवार जनजाति की जीवनशैली, कला और संस्कृति को दर्शाया जाएगा।

- नियद नेल्लानार योजना के तहत सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड के परिया कैंप और आश्रित ग्राम परिया, सामसट्टी, बोरगुड़ा, बगडेगुड़ा में हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने, नये आधार कार्ड बनाने तथा संशोधन और बैंक खाता खोले जाने के लिए आज बाईस से चौबीस अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><>